संख्या- 1585 /15-7- 05 -16(381)/ 2005

प्रेषक,

[illegible],
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र-2, सामुदायिक केन्द्र,
प्रीत विहार, नई दिल्ली ।

शिक्षा (7) अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 26 मई, 2005

विषय:- यूनिक इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल मुरादनगर, गाजियाबाद को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित विद्यालय को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन आपत्ति नहीं है:-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा ।

(2) विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

(3) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ०प्र०मा०शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की माँग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की संबद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषदों की संबद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ०प्र०माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्यसरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे ।

Principal
Unique International Public School
Murad Nagar (GZB.)

Manager
Unique International Public School
Muradnagar, (GZB.)

(5) संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे ।

(6) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्तिक लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे ।

(7) राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी ।

(8) विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा ।

(9) उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन नहीं किया जायेगा ।

उक्त प्रतिबंधों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा ।

भवदीय,

(अनिल प्रकाश गुप्ता)
(संयुक्त सचिव)

पृ०संख्या एवं दिनांक तदैव.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मेरठ ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद ।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ०प्र०, लखनऊ ।
5- प्रबंधक, यूनिक इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल मोदीनगर, गाजियाबाद ।
6- गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(अनिल प्रकाश गुप्ता)
(संयुक्त सचिव)

Principal
Unique International Public School
Murad Nagar (GZB.)

Manager
Unique International Public School
Muradnagar, (GZB.)

संख्या–1485/15–7–12–16(36)/2005

प्रेषक,

पी०एन० त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
समुदाय केन्द्र,
प्रीति विहार, नई दिल्ली।

शिक्षा (7) अनुभाग लखनऊः दिनांकः 21 मई, 2012

विषयः– यूनिक इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, मोदीनगर, गाजियाबाद को जारी अनापत्ति पत्र में स्थान परिवर्तन करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा संदर्भित विद्यालय को जारी अनापत्ति पत्र में सी०वी०एस०ई०, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु संशोधित करते हुए यूनिक इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, मुरादनगर, गाजियाबाद कर दिया गया है।

2– शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध पूर्व में जारी अनापत्ति पत्र के अनुसार ही रहेगी।

भवदीय,
( पी०एन० त्रिपाठी )
अनु सचिव।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मेरठ।
3– जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद।
4– निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5– प्रबन्धक, यूनिक इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, मुरादनगर, गाजियाबाद।
6– गार्ड बुक।

आज्ञा से,
( पी०एन० त्रिपाठी )
अनु सचिव।

Principal
Unique International Public School
Murad Nagar (GZB.)

Manager
Unique International Public School
Muradnagar, (GZB.)

to 05

# कार्यालय – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद।

पत्रांक मान्यता–टी0सी0 / 4783-84 / 2020–21 दिनांक 26/2/2022

प्रबन्धक,
यूनिक इन्टरनेशनल पब्लिक जू0 हा0स्कूल,
यूनिक चौपला मोदीनगर गाजियाबाद।

कृपया आप द्वारा आपने पत्र दिनांक 22–02–2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विद्यालय की मान्यता स्थायी करते हुये विद्यालय का स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया हैं। इस हेतु प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 16–02–2022 भी संलग्न किया गया हैं। प्रबन्धक द्वारा नवीन भवन सम्बन्धी वॉछित सभी अभिलेख उपलब्ध कराये हैं।

प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार विद्यालय को प्राईमरी स्तर कक्षा 01 से कक्षा 05 तक की अस्थायी मान्यता कार्यालय के पत्र संख्या मान्यता / 3785 / 2007–08 दिनांक 17–08–2007 द्वारा प्रदान की गई हैं। प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनाक 16–02–2022 के अनुसार विद्यालय का स्थान निम्नवत प्रस्तावित किया गया हैं।–

**नवीन पता– यूनिक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, यूनिक सिटी निकट गंग नहर मुरादनगर**

सम्बधित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद की संस्तुति के आधार पर शासनादेश संख्या –89 / अरसठ–3–2018–2041 दिनांक 11–01–2019 एवं शासनादेश सख्या–196 / अडसठ–3–2020–2041 / 2018 दिनांक 29 जून 2020 द्वारा मान्यता की शर्तो में किये गये संशोधन आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार मान्यता की नवीन शर्तें पूर्ण करने तथा विद्यालय के विरूद्ध कोई शिकायत न होने के कारण विद्यालय को पूर्व में दी गई मान्यता स्थायी की जाती हैं। विद्यालय द्वारा प्रस्तावित परिवर्ति नाम एवं नवीन स्थान पर भवन सम्बन्धी मानकों को पूर्ण करने के आधार पर परिवर्तित नाम के साथ स्थान पर निर्मित नवीन भवन में विद्यालय संचालन की भी अनुमति प्रदान की जाती हैं। विद्यालय को भविष्य में भी स्थायी मान्यता की शर्तो के मानको को बनाये रखना होगा अन्यथा विद्यालय की मान्यता के प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी ।

(ब्रजभूषण चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

पृ0सं0 मान्यता–टी0सी0 / / 2020–21 तद्रदिनांक
प्रतिलिपि– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को सूचनार्थ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

Principal
Unique International Public School
Murad Nagar (GZB.)

Manager
Unique International Public School
Muradnagar, (GZB.)

08

## कार्यालय – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद।

पत्रांक मान्यता–टी0सी0/4781-82 / 2020–21 दिनांक 26/2/2022

प्रबन्धक,
यूनिक इन्टरनेशनल पब्लिक जू0 हा0स्कूल,
यूनिक चौपला मोदीनगर गाजियाबाद।

कृपया आप द्वारा आपने पत्र दिनांक 22–02–2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विद्यालय की मान्यता स्थायी करते हुये विद्यालय का स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया हैं। इस हेतु प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनांक 16–02–2022 भी संलग्न किया गया हैं। प्रबन्धक द्वारा नवीन भवन सम्बन्धी वॉछित सभी अभिलेख उपलब्ध कराये हैं।

प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार विद्यालय को जूनियर स्तर कक्षा 06 से कक्षा 08 तक की अस्थायी मान्यता मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक ( बेसिक ) मण्डल मेरठ कार्यालय के पत्र संख्या मान्यता/560–64/2008–09 दिनांक 29–04–2008 द्वारा प्रदान की गई हैं। प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव दिनाक 16–02–2022 के अनुसार विद्यालय का स्थान निम्नवत प्रस्तावित किया गया हैं।–

**नवीन पता– यूनिक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, यूनिक सिटी निकट गंग नहर मुरादनगर**

सम्बधित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद की संस्तुति के आधार पर शासनादेश संख्या –89/अरसठ–3–2018–2041 दिनांक 11–01–2019 एवं शासनादेश सख्या–196/अडसठ–3–2020–2041/2018 दिनांक 29 जून 2020 द्वारा मान्यता की शर्तो में किये गये संशोधन आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार मान्यता की नवीन शर्तें पूर्ण करने तथा विद्यालय के विरूद्ध कोई शिकायत न होने के कारण विद्यालय को पूर्व में दी गई मान्यता स्थायी की जाती हैं। विद्यालय द्वारा प्रस्तावित परिवर्तित नाम एवं नवीन स्थान पर भवन सम्बन्धी मानकों को पूर्ण करने के आधार पर परिवर्तित नाम के साथ स्थान पर निर्मित नवीन भवन में विद्यालय संचालन की भी अनुमति प्रदान की जाती हैं। विद्यालय को भविष्य में भी स्थायी मान्यता की शर्तो के मानको को बनाये रखना होगा अन्यथा विद्यालय की मान्यता के प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी ।

(ब्रजभूषण चौधरी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

पृ0सं0 मान्यता–टी0सी0/ /2020–21 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को सूचनार्थ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजियाबाद।

Principal
Unique International Public School
Murad Nagar (GZB.)

Manager
Unique International Public School
Muradnagar, (GZB.)